1	2		3
3. जल परिवहन सहित पेयजल का अभाव .	322.10	820.30	1142.40
4. पोषण	429.44	301.17	730.61
5. जन स्वास्थ्य	286.29	280.87	567.16
6. निःशुल्क राहत . . .	9.70	9.70	19.40
7. चारा संबंधी अभाव तथा पशु स्वास्थ्य .	215.30	457.00	672.30
8. सार्वजनिक वितरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण .	28.30	—	28.30
कुल	4183.60	4619.76	8803.36

दूरदर्शन में पुरुष और महिला उद्घोषक

1233. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली दूरदर्शन में पुरुष तथा महिला उद्घोषकों की अलग-अलग संख्या कितनी है ;

(ख) क्या यह सच है कि दिल्ली दूरदर्शन में अधिकतर उद्घोषणायें महिला उद्घोषकों द्वारा की जाती है; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० के० तिवारी) : (क) तीन नियमित महिला प्रस्तुतीकरण उद्घोषकों के अलावा, दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली के पैनल में 15 कैजुअल उद्घोषक/कम्पीयर हैं, जिनमें से 12 महिलायें हैं ।

(ख) और (ग) चूंकि महिला उद्घोषक अधिक हैं, अतः अधिकांश उद्घोषणायें उनके द्वारा की जाती हैं।

राजस्थान में आपरेशन फलड (श्वेत क्रांति) के अधीन सहकारी समितियां

1234. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में "आपरेशन फ्लड" (श्वेत क्रांति) के अधीन कितनी सहकारी समितियां स्थापित की गयी हैं;

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान इन समितियों के सदस्यों की संख्या कितनी रही;

(ग) क्या दूध की बिक्री से किसानों की आय में कोई वृद्धि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव) : (क) और (ख) पिछले तीन

वर्षों के लिये आपरेशन फ्लड के अन्तर्गत राजस्थान राज्य में संगठित ग्राम डेरी सहकारी समितियों तथा उनके कृषक सदस्यों की संख्या नीचे दी गयी है :—

संख्या हजार में (संचयी)

वर्ष	संगठित कृषक समितियां	सदस्य
1985–86	3.81	223
1986–87	4.19	251
1987–88	4.73	280
1988–89 (दिसम्बर, 88 तक)	4.94	304

(ग) और (घ) राजस्थान के कुछ प्रतिनिधि दुग्ध स्रवण क्षेत्रों में दुग्ध का भारित औसत उत्पादक मूल्य 1985–86 के 3.18 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 1988–89 (जनवरी, 89 तक) में 4.47 रुपये प्रति लीटर हो गया है, जो दूध की प्रति लिटर आय में वृद्धि का होना प्रदर्शित करता है।

दिल्ली दुग्ध योजना की दूध की बोतलों में कीड़े मकोड़े पाये जाने की शिकायतें

1235. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान दूध की सील बन्द बोतलों में काक्रोच या अन्य प्रकार के कीड़े मकोड़े आदि पाये जाने की कितनी शिकायतें दिल्ली दुग्ध योजना को प्राप्त हुई हैं ; और

(ख) इस प्रकार की उपेक्षा के लिए दोषी पाए गए अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव) : (क) जनवरी, 1987 से अप्रैल, 1989 तक की अवधि के दौरान बोतल बंद दूध में काक्रोच होने के बारे में कोई शिकायत नहीं मिली थी । लेकिन, कीटों के बारे में 21 शिकायतें थीं ।

(ख) संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को चेतावनी दी गई या उनकी प्रताड़ना की गई ।

Loss due to floods in Andhra Pradesh

1236. SHRI PRABHAKAR RAO KALVALA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) the number of villages/towns affected by floods during 1988 in Andhra Pradesh ;

(b) the number of villages out of the above marooned during the floods ;

(c) the estimated loss suffered on account of damage to property, roads, crop and death of livestock;

(d) the number of people who died due to flood; and

(e) the amount sanctioned as relief/assistance by the Union Government ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF AGRICULTURE AND COOPERATION IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI SHYAM LAL YADAV); (a) to (d) The estimates of damage caused by floods during 1988 in Andhra Pradesh, as reported by the State Government is as under :—

1. No. of villages affected	3554
2. No. of villages marooned	69
3. Human lives lost	88
4. Cattle lives lost	2600
5. Estimate of loss to property, roads, crop etc.	Rs. 254.58 crores